# विमानन संचालनालय, मध्यप्रदेश,

राजकीय विमानतल (स्टेट हैंगर), राजाभोज विमानतल रोड, भोपाल–462030 (म.प्र.)

दूरभाष क्र. 0755-2641271, 2641724, वेबसाइट : aviation.mp.gov.in, ईमेल : mpaviation@mp.gov.in


क्रमांकः ई–2/दिव्यांगजन/866 भोपाल, दिनांकः 04 अगस्त, 2024

## –::विज्ञप्ति::–

दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित अनुसूचित जाति के अंतर्गत सहायक ग्रेड–3 एवं सामान्य श्रेणी के अंतर्गत क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) के रिक्त पद पर भर्ती वॉक–इन इन्टरव्यू के माध्यम से किये जाने हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं ।

दिव्यांगजन के रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | विज्ञापित पद का नाम एवं श्रेणी (दिव्यांगजन हेतु) | केडर अंतर्गत कुल पदों की संख्या | | आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक एवं समय | कार्यालय का नाम, जहाँ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना है। |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लोकोमोटर डिसेबिलिटी (सेरेब्रल, पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी) | बहरे और कम सुनने वाले | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | सहायक ग्रेड–3 | 01 | – | दिनांक 30.09.2024 सायं 05:00 बजे तक | विमानन संचालनालय, मध्यप्रदेश, राजकीय विमानतल (स्टेट हैंगर), राजाभोज विमानतल रोड, भोपाल–462030 (म.प्र.) |
| 2. | क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) | – | 01 | | |

1. **वेतनमान** :– सहायक ग्रेड–3 के पद हेतु वेतनमान 19500–62000/– एवं क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) के पद हेतु वेतनमान 15500–49000/– में सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. सी. 3–13/2019/3/एक, दिनांक 12.12.2019 अनुसार नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाकर परिपत्र अनुसार स्टायपेंड के रूप में वेतन देय होगा ।

2. **शैक्षणिक अर्हताएं** :–

**2.1 सहायक ग्रेड–3 हेतु :–**

(1) लिपिक वर्गीय सहायक ग्रेड–3 हेतु हायर सेकेंडरी परीक्षा (पुरानी प्रणाली) या हायर सेकेंडरी परीक्षा (10+2) प्रणाली में उत्तीर्ण होना चाहिए ।

(2) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (सीपीसीटी) में कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी टाईपिंग उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र (स्कोर कार्ड) । इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल का परिपत्र क्र. सी–3–15/2014–1/3 भोपाल दिनांक 04 जुलाई, 2018 भी लागू होगा।

**2.2 क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) हेतु :–**

(1) सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. सी–3–06/2011/3/एक, दिनांक 18.05.2011 अनुसार चतुर्थ श्रेणी (क्लीनर) के पद पर नियुक्ति कि लिए शैक्षणिक योग्यता आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

**नोटः–**

1. **उपर्युक्त सभी अर्हताएं आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक धारित करना अनिवार्य है ।**
2. **अभ्यार्थी का चयन मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जावेगा ।**

निरन्तर...2

3. आवेदन पत्र के साथ अधोलिखित दस्तावेज एवं जानकारी संलग्न करें –

(1) आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी दस्तावेजों की स्व प्रमाणित छायाप्रतियां तथा पासपोर्ट साईज के स्व प्रमाणित दो फोटोग्राफ्स ।

(2) मध्यप्रदेश का मूल/स्थायी निवासी होने का प्रमाण पत्र ।

(3) आयु सीमा – 18 से 45 वर्ष (सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 04 जुलाई, 2019 अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट समाहित है ।) आयु सीमा की गणना दिनांक 01.01.2024 के आधार पर की जायेगी ।

(4) सहायक ग्रेड–3 के आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति से संबंधित सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र की सत्य प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

(5) दिव्यांगता का डिजिटल प्रमाण पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडीकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा । (अभ्यर्थी के चयनित होने पर कार्यभार ग्रहण कराने के पूर्व जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र का सत्यापन भी अनिवार्य रूप से कराया जायेगा।)

(6) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र ।

(7) विवाह के लिये नियत की गयी न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह करने वाले आवेदक नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे । जिस आवेदक की दिनांक 26.01.2001 या इसके बाद शासन निर्देश से अधिक संतान वाले, आवेदन के लिये पात्र नहीं होंगे ।

(8) यदि आवेदनकर्ता किसी शासकीय संस्था/निगम/मंडल में कार्यरत है तो उसे आवेदन प्रस्तुत करने की सूचना कार्यालय प्रमुख को भेजते हुए उसकी प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।

(9) भर्ती प्रक्रिया के संबंध में नियम/शर्तों में कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित न की जाकर विभागीय वेबसाइट https://www.aviation.mp.gov.in पर अपलोड की जावेगी ।

(10) आवेदन पत्र निर्धारित अंतिम तिथि तक एवं ऊपर दिये गये कार्यालय के पते पर स्वंय प्रस्तुत करें अथवा पंजीयत डाक से लिफाफे के ऊपर **"दिव्यांगजन के लिये चिन्हांकित पदों में से सहायक ग्रेड–3 के पद हेतु अथवा क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) के पद हेतु आवेदन पत्र"** अंकित करते हुए भेजें । किसी भी स्थिति में निर्धारित अंतिम दिनांक को कार्यालयीन समय पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा । डाक के माध्यम से विलम्ब से प्राप्त आवेदनों को मान्य नहीं किया जायेगा । अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण भरे हुये आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा ।

4. सहायक ग्रेड–3 एवं क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) के पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

5. आवेदक द्वारा असत्य/भ्रामक/मिथ्या जानकारी अथवा दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने अथवा किसी भी कारण से नियम विरूद्ध नियुक्ति हो जाने पर, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय नियुक्ति निरस्त की जा सकेंगी ।

6. किसी भी अभ्यर्थी/आवेदक/उम्मीद्वारों को यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जावेगा ।

नोटः– आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट https://www.aviation.mp.gov.in पर उपलब्ध है । विज्ञापन के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन स्वीकार्य होगा । आवेदन पत्र समस्त प्रमाणित दस्तावेजों के साथ **"आयुक्त, विमानन संचालनालय, मध्यप्रदेश, राजकीय विमानतल (स्टेट हैंगर), राजाभोज विमानतल रोड, भोपाल–462030 (म.प्र.)"** के पते पर निर्धारित तिथि एवं समय तक ही मान्य किये जावेंगे ।

**"किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्राधिकार जिला भोपाल रहेगा ।"**

आयुक्त विमानन,
विमानन संचालनालय,
मध्यप्रदेश

# दिव्यांगजन के लिये आवेदन–पत्र का प्रारूप

प्रति,

..............................................................

..............................................................

..............................................................

.............................................................. पद के लिये आवेदन पत्र

(आवेदित पद का नाम)

नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा कर स्व–प्रमाणित करें।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक/आवेदिका का नाम एवं उपनाम (हिन्दी में) | |
| 2. | आवेदक/आवेदिका का नाम एवं उपनाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) | |
| 3. | लिंग– पुरूष/महिला/अन्य | |
| 4. | पिता/पति का नाम | |
| 5. | माता का नाम | |
| 6. | वर्तमान निवास का पूर्ण पता पिन कोड सहित | |
| 7. | स्थाई निवास का पूर्ण पता पिन कोड सहित | |
| 8. | मोबाईल नम्बर | |
| 9. | व्हाट्सएप नम्बर | |
| 10. | ईमेल आई.डी. | |
| 11. | जन्म तिथि (अंकों में) (डिजिटल जन्म प्रमाण–पत्र की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करें) | |
| 12. | जन्म तिथि (शब्दों में) | |
| 13. | दिनांक 01/01/2024 की स्थिति में आयु | वर्ष...........माह...........दिन........... |
| 14. | क्या आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी है ? हॉ या नहीं।<br>(यदि हॉ तो मूल निवास प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 15. | जन्म स्थान (ग्राम, शहर, जिला, राज्य का नाम लिखें) | |
| 16. | क्या आवेदक मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश के लिये घोषित एवं मान्य अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है ? यदि हॉ तो जाति व उपजाति का उल्लेख करें ।<br>(सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी डिजिटल वैद्य स्थायी जाति प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें । अस्थायी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा) | |
| 17. | जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें । | |

निरन्तर...2

| | | |
|---|---|---|
| 18. | दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत तथा विज्ञापन में उल्लेख अनुसार दिव्यांगता की श्रेणी | |
| 19. | वैवाहिक स्थिति–<br>(अ) क्या आप विवाहित हैं– हॉ/नहीं<br>(ब) यदि हॉ तो विवाह की तिथि<br>(स) विवाह के समय आयु<br>(द) जीवित बच्चों की संख्या<br>(ई) अंतिम बच्चे का जन्म दिनांक<br>(फ) 26 जनवरी, 2001 के बाद जन्में बच्चों की संख्या | |
| 20. | शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/कार्यालयों में कार्यरत आवेदनकर्ता, शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा अवधि का पूर्ण विवरण प्रमाण–पत्र सहित संलग्न करें । यदि आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/निगम/मण्डल में कार्यरत है तो उसका नाम एवं पता :<br>(अ) वर्तमान में धारित पदनाम<br>(ब) वर्तमान पद का वेतनमान जिस पर कार्यरत है ।<br>(छठवां एवं सातवां जो भी लागू हो) | |
| 21. | शैक्षणिक योग्यताओं की जानकारी (अंकसूचियों एवं प्रमाण–पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करें) | |

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक/प्राप्तांक | प्राप्तांको का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |
| 4. | | | | | | |
| 5. | | | | | | |
| 6. | | | | | | |
| 7. | | | | | | |
| 8. | | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 22. | कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण है ? हॉ या नहीं, यदि हॉ तो प्रमाण–पत्र संलग्न करें । | |
| 23. | सी.पी.सी.टी. स्कोर कार्ड में कम्प्यूटर दक्षता और हिन्दी टायपिंग उत्तीर्ण है ? हॉ या नहीं, यदि हॉ तो प्रमाण–पत्र संलग्न करें । | |

स्थान ......................

दिनांक ......................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम

## :: स्व घोषणा ::

मैं ........................................................................ पुत्र/पुत्री ................................................... उम्र..........
वर्ष, निवासी ...........................................................................जिला .................................. मध्यप्रदेश एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारी मेरे ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य है । मैंने उसमें कुछ भी छिपाया नहीं है । मुझे यह संज्ञान है कि मेरे द्वारा असत्य या भ्रामक जानकारी देने पर मेरे विरूद्ध आपराधिक दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है, आवेदित पद पर मेरा चयन एवं चयन पश्चात नियुक्ति निरस्त की जा सकती है । साथ ही मुझे प्राप्त समस्त लाभ वापस लिये जा सकते हैं ।

स्थान ........................
दिनांक ......................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम

***